झारखण्ड देखो
Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ
Digital Edition
www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 274 • पृष्ठ 6 • मंगलवार 12 अक्टूबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com






## संक्षिप्त समाचार

### अब पान मसाला का विज्ञापन नही करेंगे अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन आज अपना 79वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास दिन पर अमिताभ ने एक बड़ा फैसला किया है। उन्होंने 'कमला पसंद' के साथ अपना करार खत्म कर दिया है। उन्होंने अपने ऑफिशियल ब्लॉग पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। अमिताभ बच्चन के ब्लॉग पर उनके ऑफिस की ओर से जारी बयान है, 'कमला पसंद का विज्ञापन प्रसारित होने के कुछ दिन बाद अमिताभ बच्चन ने ब्रांड से संपर्क किया और पिछले सप्ताह इस करार को खत्म करने का फैसला किया था। जब अमिताभ बच्चन इस ब्रांड से जुड़े थे, तब उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह सरोगेट विज्ञापन के अंतर्गत आता है। अमिताभ ने ब्रांड के साथ अनुबंध खत्म कर दिया है और प्रमोशन फीस भी वापस लौटा दी है।'
कुछ दिन पहले अमिताभ रणवीर सिंह के साथ कमला पसंद पान मसाला के विज्ञापन में नजर आए थे। शाहरूख खान, अजय देवगन की तरह पान मसाले का ऐड करने पर बिग बी को खूब ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था।

## सुविचार

सारा जगत स्वतंत्रता के लिए लालायित रहता है फिर भी प्रत्येक जीव अपने बंधनो को प्यार करता है।

● **श्री अरविंद**

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

60,059.06+381.23 (0.64%)

**निफ्टी 50**

17,895.20+104.85 (0.59%)

## दैनिक पंचांग

| | |
|---|---|
| वार | सोमवार |
| सूर्योदय | 06:21 AM |
| सूर्यास्त | 17:57 PM |
| चन्द्रोदय | 14:28 PM |
| चन्द्रास्त | 25:10 AM |
| पक्ष | शुक्लपक्ष |
| तिथि | त्रयोदशी |
| नक्षत्र | पूर्वाभाद्रपद |
| सूर्य राशि | कन्या |
| चंद्र राशि | कुंभ राशि में |
| राहुकाल | राहुकाल 10:42 AM से 12:08 PM |

# 5 सैनिक शहीद अब घाटी में

## आतंकियों ने घात लगाकर किया हमला, पीर की गली से घाटी जाने की फिराक में थे

**कश्मीर/एजेंसी।**



जम्मू संभाग के पुंछ जिले में सुरनकोट मुठभेड़ में सेना के पांच जवान शहीद हो गए हैं। आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच अभी मुठभेड़ जारी है। चार से पांच आतंकी घिरे हुए हैं। सेना को रविवार देर रात इनपुट मिला कि सुरनकोट में आतंकी मौजूद हैं। सेना की टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। लेकिन मौसम बाधक बन गया। जिसके बाद तड़के सुरक्षाबलों ने फिर से अभियान शुरू किया। सूत्रों का कहना है कि इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे आतंकियों ने अंधाधुंध गोलाबारी शुरू कर दी। गोलाबारी में एक जीसीओ और चार जवान शहीद हो गए। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सोमवार सुबह भारतीय सेना ने पुंछ के सुरनकोट क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। इसी दौरान मुठभेड़ में एक जेसीओ और चार जवान घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सूत्रों की माने तो आतंकी पुंछ के डीकेजी(डेरा की गली) सेक्टर से होते हुए पीर की गली पार कर दक्षिणी कश्मीर के शोपियां जिले में दाखिल होते। जिसके बाद श्रीनगर व अन्य जिलों में पहुंचते। फिर सीमा पार बैठे हैंडलर्स से संकेत मिलते ही आतंकी घाटी में हमलों को अंजाम देते। इन हमलों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ ही सुरक्षाबलों को भी निशाना बनाना था। हालांकि खुफिया जानकारी के आधार पर सेना ने इन्हें पहले ही घेर लिया। सीमा पर संघर्ष विराम के बावजूद पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ और आतंकी गतिविधियों की कोशिशें जारी हैं। जम्मू-कश्मीर में अशांति और खौफ फैलाने के लिए पाकिस्तान हमले कराने में जुटा हुआ है। पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर में मौजूद आतंकी युवाओं से सिलेक्टिव किलिंग करवाकर उनको अपने संगठन में शामिल कर रहे हैं। ऐसे आतंकियों और उनके नेटवर्क पर सुरक्षा एजेंसियों की पैनी नजर है।

## कश्मीर से जम्मू लौटे 70 फीसदी कर्मचारी, बोले- 90 जैसे हालात बनाए जा रहे हैं

**जम्मू/एजेंसी।**



आतंकी हमलों के बाद घाटी में पीएम पैकेज के तहत तैनात 70 फीसदी मुलाजिम जम्मू लौट आए हैं। कर्मचारियों ने कहा कि अनुच्छेद-370 हटने के समय कश्मीर घाटी में थोड़ा असुरक्षा का माहौल था। लेकिन समय के साथ हालात सामान्य होने लगे थे। कश्मीरी नागरिकों के साथ पीएम पैकेज के तहत कश्मीर संभाग के विभिन्न जिलो में तैनात कर्मचारियों में सुरक्षा का भाव बढ़ रहा था। जम्मू की तरह बेखौफ अपने रोजमर्रा के कामों में लग जाते थे। लेकिन लगातार हुए आतंकी हमलों ने इन सभी उम्मीदों को खत्म कर दिया और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया। 1990 जैसे हालात फिर से पैदा करने की कोशिश की जा रही है। यह बात पीएम पैकेज के तहत कश्मीर घाटी में तैनात एक सरकारी कर्मचारी ने कही। कर्मचारियों ने कहा कि कश्मीर संभाग में चार हजार के करीब युवा पीएम पैकेज के तहत सरकारी नौकरियों में हैं। सात अक्तूबर की घटना के बाद 70 फीसदी कर्मचारी जम्मू वापस लौट आए हैं।
एक कर्मचारी ने कहा कि मैं कई साल से नौकरी कर रहा हूं, लेकिन पहले कभी ऐसा माहौल और डर नहीं देखा था। परिवार की चिंता भी इन आतंकी हमलों के डर को बयां करती है।

## दिल्ली में कोरोना के 29 नए मामले, 1 मौत

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 29 नए मामले आए और इस दौरान एक मरीज की मौत हो गई। संक्रमण दर 0.05 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी के कारण इस माह दूसरी मौत हुई है। इससे पहले 2 अक्टूबर को कोविड से एक मौत हुई थी। नए मामलों के साथ ही दिल्ली में संक्रमित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 14,39,195 हो गई। आंकड़ों के अनुसार अब तक 14,13,759 मरीज इस बीमारी से उबर चुके हैं। रिकवरी दर बढ़कर 98.23 फीसदी हो गई है। वहीं, मृतकों की कुल संख्या 25,089 है। बीते 24 घंटे में 59,989 कोरोना जांच किए गए। दिल्ली में अभी इस बीमारी के 347 मरीज हैं, जिसमें से 97 होम आइसोलेशन में हैं। अब तक 28265141 कोरोना जांच हुई है। दिल्ली में अप्रैल और मई महीने में महामारी की दूसरी लहर आयी थी जो काफी भयावह रही। उस दौरान अच्छी खासी संख्या में लोगों की मौत हो गयी और अस्पतालों में ऑक्सीजन की भारी कमी महसूस की गयी।
20 अप्रैल को दिल्ली में 28,395 मामले दर्ज किए गए थे, जो पिछले साल महामारी की शुरुआत के बाद किसी एक दिन की सर्वाधिक संख्या थी।










**अर्थशास्त्र नोबेल पुरस्कार**

# डेविड कार्ड, जोशुआ एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेंस को मिला अर्थशास्त्र के लिए नोबेल सम्मान

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

अर्थशास्त्र के लिए साल 2021 का नोबेल पुरस्कार आधा डेविड कार्ड को जबकि आधा जोशुआ डी. एंग्रिस्ट और गुइडो डब्ल्यू इम्बेंल को संयुक्त रूप से दिया गया है। डेविड कार्ड को श्रम अर्थशास्त्र में उनके योगदान के लिए सम्मान मिला है, जबकि जोशुआ एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेंस को प्राकृतिक प्रयोगों से कारण और प्रभाव के बारे में सटीक निष्कर्ष निकालने के लिए पुरस्कृत किया गया है।
डेविड कार्ड एक कनाडाई अर्थशास्त्री और कैलिफोर्निया बर्कले में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं। उन्हें ये नोबल सम्मान श्रम अर्थशास्त्र में उनके योगदान के लिए दिया गया है। 1990 के दशक की शुरुआत में उनके अध्ययन ने




पारंपरिक ज्ञान को चुनौती दी, जिससे नए विश्लेषण और अतिरिक्त जानकारी प्राप्त हुई।

परिणाम दिखाते हैं कि न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने से जरूरी नहीं कि नौकरियां भी कम हों। जबकि जोशुआ डी एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेंस को औपचारिक संबंधों के विश्लेषण में उनके योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार मिला है। 1990 के दशक के मध्य में जोशुआ एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेंस ने दिखाया कि प्राकृतिक प्रयोगों से कारण और प्रभाव के बारे में सटीक निष्कर्ष कैसे निकाले जा सकते हैं। नोबेल समिति ने एक बयान में कहा कि हमें श्रम बाजार के बारे में नई जानकारी प्रदान करने और प्राकृतिक प्रयोगों से कारण व प्रभाव के बारे में किस तरह से निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं, यह दिखाने के लिए शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया है।






## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न

- **अनुकंपा के तहत कुल 36 लोगों को नौकरी प्रदान करने की अनुशंसा की गई**

**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** उपायुक्त द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विभागीय कर्मियों की स्थापना संबंधित मामले की गंभीरता पूर्वक समीक्षा की तथा नियम के तहत किए जाने वाले कार्य को स्वीकृति प्रदान की। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ कुल 36 मामलों पर विचार विमर्श किया। जिसमें शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, सिंचाई प्रमंडल, उद्योग विभाग, पथ निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग इत्यादि के तृतीय एवं चतुर्वर्गीय वर्गीय पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई।इस दौरान सभी मामलों पर चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने समिति के साथ क्रमवार सभी आवेदकों के शैक्षिक अंक प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर स्थापना शाखा को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला अनुकंपा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### एएसआई के नेतृत्व में चलाया गया वाहन जांच अभियान

**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** हँसडीहा पुलिस द्वारा दुमका हंसडीहा मुख्य मार्ग पर वाहन तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छोटे बड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन तलाशी अभियान को लेकर क्षेत्र में बगैर कागजात, मास्क और हेलमेट आदि के वाहन चलाने वाले चालकों में अफरा-तफरी देखने को मिली। बताते चलें कि सोमवार को हँसडीहा के एएसआई महेंद्र हेम्ब्रम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हँसडीहा थाना क्षेत्र के रामगढ़ मोड़ के करीब वाहन तलाशी अभियान चलाया।अभियान के दौरान पुलिस को कोई आपत्तीजनक सामग्री नहीं मिली। जांच के दौरान वाहन चालकों से आवश्यक कागजातों के साथ-साथ सीट बेल्ट, हेलमेट और मास्क प्रयोग करने की अपील की गई। बहरहाल वाहन तलाशी अभियान को लेकर वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। मौके पर एएसआई महेंद्र हेम्ब्रम के अलावे पुलिस बल मौजूद थे।

### पुराने लोगों के अनुभव से पार्टी मजबूत होगी: परितोष सोरेन

- **आठ पीड़ित परिवारों के बीच किया राहत सामग्री का वितरण**



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन ने आसनबनी पहुंचकर आठ पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की है. पीड़ित हरि माहातो, पथिक माहातो, तपन कुमार दास बिकास माहातो, चिंता देवी, बसंती देवी ,फुलेश्वर माहातो एवं विश्वनाथ माहातो को राहत सामग्री देकर मदद की हैं । आसनबनी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पानी भर जाने एवं उस पानी की निकासी हेतु बनाए गए पुल को पथ निर्माण प्रमंडल के ठेकेदार द्वारा तोड़ दिए जाने के कारण यहां आठ परिवार का मकान गिर गया था।पीड़ित परिवार विगत चार- पांच महीना से चरवाहा विद्यालय में शरणार्थी बनकर रह रहे हैं ।भाजपा के जिलाध्यक्ष ने उन्हीं पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया हैं ।मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष गाटू कनानिया, प्रशांत दत्त, बाबलु दत्त, निताई भंडारी मौजूद थे ।इसके बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष परितोष सोरेन ने परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा की पुराने लोगों के अनुभव से पार्टी मजबूत होगी .पार्टी ने जो दायित्व दिया है उसे पूरा करेंगे .मोके पर पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी, निर्वतमान जिला अध्यक्ष निवास मंडल, सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह मुन्ना, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष विमल मरांडी, जामा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, अजय गुप्ता ,पिंटू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में रोड टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में रोड टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग दुमका को निर्देश दिया गया कि डीसी चौक के पास से नियमानुसार विद्युत ट्रांसफार्मर को हटाया जाए ताकि आवागमन सुचारू रुप से हो सके। कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग दुमका को निदेश दिया गया कि भुरभुरी पुल की मरम्मती एवं भुरभुरी पुल के पास अविलंब ब्रिज डाईवर्शन बनाने हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया। साथ ही उपायुक्त ने निदेश दिया कि एएन कॉलेज, दुमका इंडोर स्टेडियम नगर पालिका चौक के पास जांच कर नियमानुसार स्पीड ब्रेक र अथवा रंबल स्ट्रीप लगाया जाए।दुमका जिला में ब्लैक स्पॉट स्थलों का जांच कर अविलंब सुधार करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने विवेकानंद चौक से डीसी चौक तक रोड डिवाइडर के जीर्णोद्धार का निदेश दिया।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि मसलिया चुटोनाथ मंदिर के पास एक्सीडेंट बार-बार हो रहा है टीम बनाकर जांच की जाए और आवश्यक सुधार की जाए। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को कहा कि सभी थाने को ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने सभी टू व्हीलर व्यापारियों को निर्देश दिया कि वाहन बेचते समय एसआई मार्क के हेलमेट के बिना टू व्हीलर गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन ना करें। समीक्षा के क्रम में बस एसोसिएशन को निर्देश दिया गया कि बस के ऊपर यात्रीयों को नहीं बैठाएंगे तथा परमिट,पॉल्यूशन, बीमा के बिना बस का परिचालन नहीं करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीएसपी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य एवं परिवहन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने जिले को आंतरिक संसाधनों से प्राप्ति के बारे जानकारी लिया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त ने की। बैठक में उपायुक्त ने जिले को आंतरिक संसाधनों से प्राप्ति के बारे जानकारी लिया ' उन्होंने उत्पाद विभाग, राजस्व विभाग, खनन विभाग,निबंधन विभाग, विद्युत विभाग समेत अन्य विभागों के द्वारा राजस्व संग्रहण की समीक्षा की एवं निर्देश दिया कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ' समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ऑनलाइन दाखिल-खारीज एवं भूमि सीमांकन की समीक्षा की ' उपायुक्त ने दाखिल- खारीज एवं भूमि सीमांकन के अस्वीकृत किये गये आवेदनों के सम्बन्ध में कारण इंगित करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ऑनलाइन लगान,अवैध जमाबंदी समेत राजस्व से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की एवं सेवा के अधिकार के तहत नियत समय में सभी मामले का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में राजस्व संग्रहण से सम्बंधित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर समीक्षा की गई एवं उपायुक्त के द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौके पर अपर सम्हार्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच किया गया कपडा का वितरण



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वयंसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा ठंड के मौसम में गरीबों को तन ढंकने के लिए वस्त्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कपड़ा बैंक की स्थापना की गई है। हथियापाथर आदिवासी टोली गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच सभी प्रकार के कपड़ों का वितरण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े, गरीब परिवार के बच्चे, बुजुर्ग, पुरुष एवं महिलाओं के बीच 200 कपड़ों का वितरण किया गया। मोके पर सुमन बराट,अभिषेक साहा , शिल्पा मंडल, देवनाथ साहा, दीपक राय, विक्रम आनंद ,जतीन कुमार, सुमित भंडारी, विश्वजीत सिंह, सुमंत कुमार, साहिल कुमार, अभिषेक रंजन एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## जेपी जयंती पर लोगो ने किया नमन



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** संपूर्ण क्रांति के प्रणेता महान स्वतंत्रता सेनानी व्यवस्था परिवर्तन के लिए बुलंद आवाज उठाकर व्यवस्था परिवर्तन के लिए क्रांति करने वाले मां भारती के वीर सपूत जयप्रकाश नारायण के जयंती के शुभ अवसर पर सरदार पटेल प्रतिमा स्थल सरदार पटेल चौक दुमका में दीप प्रज्वलन माल्यार्पण और पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पण का कार्यक्रम संदीप कुमार जय बमबम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर सिविल सोसाइटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,लोकतंत्र प्रहरी विजय कुमार सोनी,चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव मनोज कुमार घोष,जगदेव राउत,प्रमोद कुमार राउत,प्रिंस मेहरा रितिक रॉय,मोहम्मद रियाज खान,बबलू टूडू,लक्ष्मण कुमार यादव आदि उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया. मोके पर राधेश्याम वर्मा,संदीप कुमार जय बमबम, विजय कुमार सोनी, मनोज कुमार घोष, प्रमोद कुमार राउत आदि ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आज के युवा पीढ़ी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया।

## स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ पोस्ट मैट्रिक छात्रावृत्ति से संबंधित बैठक आयोजित

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** उपायुक्त के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी,दुमका द्वारा में सदर प्रखण्ड अन्तर्गत +2 हाई स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ पोस्ट मैट्रिक छात्रावृत्ति से संबंधित बैठक किया गया। विदित हो कि पोस्ट मैट्रिक छात्रावृत्ति से संबंधित ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है, जिसमें एस टी/एस सी,ओबीसी के 10 वीं पास वैसे छात्रा जो विद्यालयों मे पढ़ रहे है और जिनका वार्षिक आय एस टी/एस सी के लिए अधिकतम ढाई लाख और ओबीसी के लिए अधिकतम डेढ़ लाख है, आवेदन कर सकते है। उपस्थित सभी प्रधानाचार्य को निर्धारित तिथि तक अधिक से अधिक छात्रों को आवेदन ऑनलाईन कराने हेतु अनुरोध किया गया। उपस्थित प्रधानाचार्यो द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में विद्यालयों में सत्रा का प्रारंभ विलम्ब से शुरू हुआ है और अभी तक नामांकन प्रक्रिया जारी है। अतः आवेदन करने की तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी, दुमका को अबगत कराया गया। बैठक में +2 जिला स्कूल, दुमका, +2 कन्या उच्च विद्यालय, दुमका, +2 नेशनल उच्च विद्यालय, दुमका, +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गान्दो और +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चापाकान्दर के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

# सरकारी राशि के दुरूपयोग और वित्तीय अनियमित्ता के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** उपायुक्त के निदेशानुसार सदर प्रखण्ड दुमका अन्तर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा 16 ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्य पंचायतों के मुखिया के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बनाये जा रहे शौचालयों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान यह बताया गया कि ग्राम जल स्वच्छता समिति के पास लगभग 1100 से अधिक उपयोगिता प्रमाण-पत्रा लंबित है। जिसमें भुरकुण्डा, दुधानी, मालभण्डारो, हरिपुर, दरबारपुर, पारशिमला, राजबॉध, कड़हरबील, लखीकुण्डी के ग्राम जल स्वच्छता समिति के पास सबसे अधिक लंबित है। आज बैठक में गोलपुर पंचायत से 10 अद्द उपयोगिता प्रमाण-पत्रा, पारशिमला पंचायत से 30 अद्द, केशियाबहाल पंचायत से 15 अद्द, कड़हरबील पंचायत से 08 अद्द, सरूवा पंचायत से 06 अद्द, बेहराबॉक पंचायत से 04 अद्द, बड़तल्ली पंचायत से 05 अद्द कुल मिलाकर 78 उपयोगिता प्रमाण-पत्रा जमा किया गया। इसके अतिरिक्त सरूवा पंचायत से 15 अद्द शौचालय की राशि 184485.00 (एक लाख चौरासी हजार चार सौ पचासी) रूपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से वापस किया गया। सभी उपस्थित ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्य, पंचायतों के मुखिया को यह निदेष दिया गया कि 16 अक्टूबर 2021 तक सभी लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्रा अथवा अवशेष राशि को जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा सरकारी राशि के दुरूपयोग और वित्तीय अनियमित्ता के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले ग्राम जल स्वच्छता समिति, दुधानी, आसनसोल, लखीकुण्डी, पुराना दुमका, गादीकौरेया और कैराबनी के सदस्यों को नोटिस जारी किया गया है। विदित हो कि उपायुक्त द्वा-रा सभी ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्यों को स्वंय सहायता समूहों को कड़ा निदेश दिया गया है कि अविलम्ब उपयोगिता प्रमाण-पत्रा जमा करना सुनिश्चित करें।



## संक्षिप्त समाचार

### मिनी बस पलटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल , तीन व्यक्ति को मामूली चोटें आई

**लिट्टीपाड़ा/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा कुंजबोना पीडब्लूडी सड़क लब्दाघाटी में सोमवार को एक मिनी बस पलटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि तीन व्यक्ति को मामूली चोटें आई है. घायलों को 108 एम्बुलेंस की मददत से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहाँ डॉक्टरों द्वारा इलाज के पश्चात छोड़ दिया गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच जांच में जुट गया है. जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मालदा जिला का संथाली आर्केस्ट्रा दल हंसडीहा से कार्यक्रम कर अपने वाहन संख्या डब्ल्यूबी 66यू5490 में सवार होकर वापस कुंजबोना लिट्टीपाड़ा पीडब्लूडी सड़क से लौट रहा था. वापस लौटने के क्रम में लबदघाटी ढलान में चालक बहादुर मिर्धा ने वाहन का संतुलन खो दिया. जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया और चालक के साथ शिबू सोरेन( 35वर्ष) घायल हो गया. जबकि सनातन सोरेन, बैठका मुर्मू, बजल सोरेन को हल्की चोट लगी है. सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में चल रहा है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हतेशाम ने बताया कि सभी घायल व्यक्ति की इलाज किया जा रहा है और ठीक हालत में है. थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि वाहन दुर्घटना की जांच की जा रही है. दुर्घटनाग्रस्त वाहन को उठाने की व्यवस्था की जा रही है।

### सोमवार को माँ दुर्गा की पंचमी और षष्टी पूजा के मां का दर्शन किया, मंदिर में भीड़ उमड़ पड़ी

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** शारदीय नवरात्र की पंचमी तिथि को सोमवार सुबह मां स्कंदमाता की नियमपूर्वक पूजा की जाती है. मान्यता है कि अगर मां की सख्त नियमों का पालन करने हुए पूजा की जाए तो मां अपने भक्त पर जरूर प्रसन्न होती हैं और उनके आशीर्वाद से बुद्धि बल बढ़ता है. उनकी ही कृपा से संतान प्राप्ति भी होती है। और शारदीय नवरात्र के दौरान षष्ठी तिथि को देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की जाएगी। शारदीय नवरात्र के दौरान षष्ठी तिथि को देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की जाएगी। दरअसल, आश्विन शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि और सोमवार का दिन है। षष्ठी तिथि आज रात 11 बजकर 50 मिनट तक रहेगी। सोमवार शाम षष्ठी तिथि को देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की जाएगी। दरअसल, आश्विन शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि और सोमवार का दिन है। षष्ठी तिथि आज रात 11 बजकर 50 मिनट तक रहेगी। आज दोपहर पहले 11 बजकर 50 मिनट तक सौभाग्य योग रहेगा। साथ ही आज दोपहर 12 बजकर 56 मिनट तक ज्येष्ठा नक्षत्र रहेगा। प्रयागराज के आचार्य नागेश मिश्रा और सुनील मिश्रा के द्वारा मंत्रोच्चारण कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई यजमान बबलू भगत मौजूद थे मौके पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्य दशरथ भगत मनोज भगत संजय रजक सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

### बुजुर्गों की समस्या के समाधान के लिए डायल करें हेल्पलाइन नंबर 14567



**जामताड़ा/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी फैज अक अहमद मुमताज(भा.प्र.से.) के अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में नेशनल हेल्पलाइन फॉर सीनियर सिटीजन्स (Elder Line- 14567) से संबंधित बैठक आयोजित किया गया।

उपायुक्त द्वारा बताया गया कि घरेलू समस्या बुजुर्गों को हो रही है या किसी भी तरह के मामले का मदद की जरूरत है तो वे हेल्पलाइन नंबर 14567 पर फोन करके मदद मांग सकते हैं।

शहर के बुजुर्गों को हेल्पलाइन के जरिए व्यक्तिगत मामले के अलावा सरकारी, कानूनी परामर्श और आपदा को लेकर सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

# पुलिस ने 11 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पांच को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़ः (विनोद कुमार)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती गांव में नशीली पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री एवं सेवन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है. इसकी गुप्त सूचना एसपी को मिली। एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठन किया गया. छापेमारी टीम के द्वारा गंगारामपुर प्राथमिक विद्यालय के परिसर को घेराबंदी कर 5 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने सभी से पूछताछ किया और तलाशी भी ली गई. तलाशी लेने के दौरान सभी आरोपी के पास से छोटा पाउच का 25 पीस पैकेट जिसमें 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया. साथ ही इन सबों के पास से एक नशीली पदार्थ तोलने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीन, 3 मोबाइल और अल्मुनियम पेपर के टुकड़े भी बरामद किए गए हैं. एसडीपीओ अजीत कुमार विमल सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी पत्रकारों को दिया. उन्होंने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी की मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती गांव में नशीली पदार्थ पैमाने पर खरीद बिक्री की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि तौहीद शेख, सारीबुल शेख, नूर मोहम्मद शेख हाबिल शेख और काबिल शेख को को गिरफ्तार किया गया है। 300 गाने अपना जुर्म पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है इन सभी अभियुक्तों के विरोध मुफ्फसिल थाना में 198 धारा 21, 22 एवं 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल, पुलिस निरीक्षक मुफस्सिल सुरेंद्र रविदास, मुफस्सिल थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, सचिन लकड़ा, लियाकत अंसारी सहित सशस्त्र पुलिस बल मौजूद थे।



# ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का निबंधन हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का बैठक



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**जामताड़ा।** उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी फैज अक अहमद मुमताज(भा.प्र.से.) के अध्यक्षता में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का निबंधन हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का बैठक किया गया।

उपायुक्त ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन हेतु सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर मजदूरों का रजिस्ट्रेशन 31 दिसंबर 2021 तक पूरा किया जाना हैं। इस कार्य हेतु सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें साथ ही उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में कैंप लगाकर असंगठित मजदूर का ई श्रम पोर्टल में निबंधन कराएं।

जामताड़ा जिला अंतर्गत अभी तक 7308 असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का निबंधन किया गया हैं जिसपर उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर आपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया ताकि अधिक से अधिक लोगों का निबंधन कर सरकार की योजना से लाभ दिया जा सकेगा।

उपायुक्त द्वारा कहा गया की लोगों को जागरूक करें निबंधन हेतु और मजदूरों को निबंधन के बाद होने वाले फायदों को भी बताएं। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल पाएगा। उपायुक्त ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर मजदूरों के निबंधन में सीएससी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीएससी संचालक अपनी अभिरुचि के साथ कार्य करेंगे बढ़ चढ़ के कार्यों का निष्पादन करेंगे।

**● कैसे होगा निबंधन**

असंगठित कामगार ई श्रम पोर्टल पर या निकटतम सीएससी सेंटर पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण निःशुल्क है। कामगारों को सीएससी ऑपरेटर सहित कि सी अन्य को कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री अनिल्सन लकड़ा,सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्रा, जिला श्रम अधीक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार शाह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सविता कुमारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री अभय परासर, डीपीएम जेएसएलपीएस श्री सुबदिप्तों बनर्जी,सहायक कार्यालय प्रधान श्री सुबल चंद्र गोप, कंप्यूटर ऑपरेटर श्री प्रीतम कुमार केसरी, श्री शुभम कुमार यादव सहित संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

### कल सुबह मां दुर्गा को डोली में विराजमान कर नावपत्रिका मंदिर में किया जाएगा प्रवेश

**● बेल वृक्ष के पास मां बेलभरनी को दिया निमंत्रण**



**मोहनपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** नवरात्र को लेकर सभी पूजा पंडाल और पूजा मंडप की सारी तैयारी लगभग जोरो शोरो से की जा रही है पूजा को लेकर आज मां बेल भरनी को निमंत्रण दिया गया पूजा समितियों के द्वारा पूजा स्थल से ढोल, बाजा, नगाड़े के साथ नाचते- गाते हुए बेल वृक्ष के पास गए और पूजारी व आचार्य के द्वारा पूरी विधि विधान से बेल वृक्ष की पूजा कर मां बेल भरनी के स्वरूप दुर्गा को निमंत्रण दिया गया वहीं मंगलवार की सुबह फिर पूजा समिति की ओर से बेल वृक्ष से मां को डोली में विराजमान कर अपने निकट के तलाब में शाही स्नान कराया जाएगा इस पूजा में नवपवित्रका को गंगाजल, नदी, जल, झरना जल, ओला, जल, मधु, शक्कर दूध दही आदि विभिन्न सामग्रियों से माता को स्नान कराने के उपरांत मां को पूजा मंडप में नव पत्रिका को प्रवेश की जाएगी वही इसके बाद मंगलवार को सुबह माता का दरबार सभी भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा जिसके बाद सभी भक्तों पूजा अर्चना कर सकेंगे शंकर तुरी ने बताया कि वरिष्ठ पुरोहित एवं पुजारी पलटन तुरी की देखरेख में पूरी विधि विधान से पूजा की जा रही है।

### शत प्रतिशत पीएम किसान लाभार्थी का बनेगा किसान क्रेडिट कार्ड



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** उपायुक्त देवघर मंजूनाथ मंत्री के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी कमल कुमार कुजूर ने जिले के सभी प्रखंडों के बीटीएम और एटीएम के साथ वर्चुअल मीटिंग कर सभी पीएम किसान लाभुकों को शत प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड से अच्छादित करने के लिए आवशयक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी शाखा प्रबंधक अगर थोड़ा मेहनत करें तो सौ प्रतिशत केसीसी ऋण हम लोग कर सकते हैं। हमारे एटीएम, बीटीएम, बीएओ और किसान मित्र दिन रात मेहनत कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत केसीसी से संबंधित कार्यों में तेजी लाएं तथा शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड से वंचित कृषकों का निबंधन अति शीघ्र करा कर उन्हें केसीसी से आच्छादित कराया जाए। जिले के सभी पात्र कृषकों को केसीसी से आच्छादित करना सुनिश्चित करना हम सबों का प्राथमिकता है। मीटिंग में सभी प्रखंड के बीटीएम एटीएम के साथ सवाल जवाब में पता चला कि लगभग सभी प्रखंडों में किसानों की संख्या में अचानक से वृद्धि देखी जा रही है। डोर टू डोर सर्वे करने कराने में कृषक मित्रों को काफी परेशानी हो रही है। जमीन का रिकॉर्ड सही ढंग से नहीं लिखा रहता है। श्री कुजूर ने कहा कि जहां भी एक घर से एक से ज्यादा लाभ किसान का लाभ ले रहे हैं वह अपने से नाम कटवा ले। उन पर कोई कार्यवाही नहीं होगी बाद में बहुत कुछ संभव है देवघर प्रखंड के बीटीएम सह बी-ईओ शशांक शेखर ने बताया कि बैंक में जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराना किसानों की जिम्मेदारी है। किसान मित्र उनका सहयोग करेंगे।

सभी पीएम किसान लाभार्थी से अपील करते हैं कि जिस शाखा में आवेदन दिया है उस शाखा में जाकर अपने आवेदन से संबंधित त्रुटि को दूर कर ले। ताकि केसीसी कार्ड बन सके। बैठक में मंटू कुमार, अजीत कुमार, रघुवीर रंजन, रघुवीर रंजन, धर्मेंद्र कुमार, आशीष दुबे, प्रशांत तिवारी, सुषमा कुमारी, रक्षा कुमारी, गौतम कुमार, संदीप कुमार, संजय मिस्त्री, हरे राम शर्मा, परमेंद्र कुमार, रामाधीर सिंह, विवेक मेहता, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अश्विनी दुर्गा पूजा समिति के सहयोग से सात दिवसीय संगीतमय ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**हज़ारीबाग/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** बड़कागांवः विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में बड़कागांव में अश्विनी दुर्गा पूजा समिति के सहयोग से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। मथुरा से आए हुए कथा वाचक स्वामी बसंत जी महाराज कथा के लिए आए हुए हैं। भागवत कथा करने का लक्षय है। की कृष्ण प्रेम को जन जन तक पहुंचाया जाए, गौ वंश हत्या को रोका जाए, गौ के महान महिमा को हिंदू समाज को बताया जाए, हिंदू धर्म में हो रहे धर्मांतरण को रोकने के लिए समाज को सुदृढ़ करना है। श्रद्धालु वा भक्तगण बहते हुए ज्ञान की गंगा का भरपूर भाग ले रहे हैं।

# दुर्गा पूजा पंडालों का उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने किया संयुक्त रूप से निरीक्षण

## राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार ही दुर्गा पूजा त्योहार मनाएं, त्योहार के दौरान अनिवार्य रूप से मास्क की उपयोगिता, साफ-सफाई, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित करें: उपायुक्त

**● दुर्गा पूजा पंडालों में कोविड-19 के तहत निर्धारित सभी गाइडलाइन का सख्ती से अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे:- पुलिस अधीक्षक**

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** दशहरा पर्व/दुर्गा पूजा के निमित्त विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर आज सोमवार को उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा विभिन्न दुर्गा पंडालों यथाः- दुर्गाबारी दुर्गा मंदिर, पचंबा, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, बोडो, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, अलकापुरी, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, नंद नगर (भंडारीडीह), सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, पपरवाटांड़, सुरो सुंदर इंस्टीट्यूट पूजा समिति, स्टेशन रोड, श्री श्री आदि दुर्गा मंडप काली मंडा, छोटकी काली मंडा, बरमसिया के विभिन्न दुर्गा पूजा मंडपों व अन्य पंडालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पूजा समिति के प्रबंधकों एवं सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा त्यौहार मनाए। साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करना आवशयक रुप से सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार ही दुर्गा पूजा मनाया जाय। दुर्गा पूजा पंडालों में कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन पूर्ण रुप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि आमजनों की सुरक्षा के साथ-साथ शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार संपन्न हो सके तथा दुर्गा पूजा पंडालों के आस पास ज्यादा भीड़ न लगे, इसका खास ध्यान रखें।

**● पूजा पंडालों के विभिन्न पैमानों का किया गया निरीक्षण...**

उपायुक्त समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न पूजा पंडालों का निरक्षण के दौरान पूजा आयोजन समिति के सदस्यों को दुर्गा पूजा को लेकर कोविड-19 से संबंधित जारी गाईडलाइन का सख्ती से अनुपालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पूजा सादगीपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। इस दौरान उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों/पुलिस बलों को निदेशित किया कि पूजा समितियों के साथ बैठक कर राज्य सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी संबंधित पूजा पंडाल के पूजा आयोजन समिति के सदस्यों एवं अन्य को देंगे तथा उसका अनुपालन कराना भी सुनिश्चित करेंगे। वैसे पूजा समिति जिनके द्वारा सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, तो उनसे संबंधित सूचना एसडीओ कार्यालय को स-समय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिनियुक्त कर्मियों को दायित्व दिया गया है कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थल/पूजा पंडाल स्थलों पर प्रत्येक दिन निर्धारित समय/कार्यक्रम के पूर्व अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने पूजा समिति के प्रबंधको/सदस्यों को जारी दिशा-निर्देशों के बीच पूजा करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल में पुजारी सहित 25 लोग ही सोशल डिस्टेंसिंग के साथ उपस्थित होंगे। पूजा पंडाल में उपस्थित रहने वाले पूजा समिति के सभी सदस्य/पुजारी को पूर्व से कोविड-19 टीकाकरण का कम से कम एक डोज लिया हुआ होना चाहिए। पूजा पंडाल में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी और पूजा पंडाल नियमित रूप से सेनीटाइज किए जाएंगे। किसी भी श्रद्धालुओं को बिना मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन नहीं करने पर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। पूजा और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ या लंबी कतार नहीं लगाई जाएगी। डीजे (साउंड सिस्टम) बजाने की अनुमति नहीं* होगी। निरीक्षण के क्रम में गाइडलाइन का अनुपालन नहीं करते पाए जाने पर पूजा कमेटियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक, उप नगर आयुक्त, नगर निगम, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, संबंधित थाना प्रभारी, पूजा समिति के सदस्यगण, पुलिस दंडाधिकारी व पुलिस बलों के अलावा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुदूरवर्ती बाल मित्र ग्रामों की बेटियां एक दिन देश का नाम रौशन करेंगी: ओमप्रकाश पाल



**गावां/गिरीडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** विश्व बालिका दिवस के अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा उपरैली कहुवाई मध्य विद्यालय परिसर में फुटबॉल टूर्नामेंट, खेलकूद प्रतियोगिता सह साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में तिसरी एवं गावां के 22 बाल मित्र ग्रामों की बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी - अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

फुटबॉल प्रतियोगिता के अलावा ज्ञान-विज्ञान, पेंटिंग, निबंध लेखन एवं सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभावान बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

पूजा कुमारी, अमीषा कुमारी, नीलम कुमारी, अंजनी कुमारी, संजना कुमारी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने पर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

सुदूरवर्ती बाल मित्र ग्रामों की ये ऐसी बालिकाएं हैं जिन्हें कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा बाल श्रम एवं बाल व्यापार से मुक्त करवाकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया गया।इन बालिकाओं के घर से मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालयों की दूरी 5 से 7 किलोमीटर है। साइकिल मिल जाने से ये बालिकाएं आसानी से विद्यालय जाकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी।

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के निदेशक ओमप्रकाश पाल ने कहा कि आज के दिन समाज एवं सरकारों को बैठकर बेटियों के बारे में सोचने एवं मंथन करने की जरूरत है। बेटियों को समाज में समान भागीदारी का दर्जा मिलना चाहिए। बेटियों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।सायकिल पाने वाली बालिकाओं ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन को धन्यवाद कहते हुए कहा कि अब हम लोग नियमित स्कूल जाएंगे।कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन मो.आरिफ अंसारी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डायना अवार्ड विजेता चम्पा कुमारी, सुरेन्द्र पंडित,तरुण सिंह,उदय राय,मो.आरिफ अंसारी,संदीप नयन,सुप्रिया राय,राजेश सिंह,श्रीराम कुमार,अनिल कुमार,कृष्णा पासवान,सुरेन्द्र सिंह,विक्कू कुमार विरेन्द्र यादव,अमित कुमार,भीम चौधरी, शिवशक्ति कुमार राजेश शर्मा, प्रतीक रंजन, पंकज कुमार, नीरज कुमार, वेंकटेश प्रजापति, सतीश मिस्त्री, नीरज मुर्मू,रामू हेम्ब्रम, ममता हेम्ब्रम, प्रीति कुमारी,शांति सोरेन, प्रमोद कुमार,पिन्टू पाठक,जीवाधार पंडित, राजू सिंह,सुरेन्द्र सिंह,अजय पाठक समेत सैकड़ों प्रतिभागी बालिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला परिषद प्रत्याशी ने किया लखोरिया प्रीमियम लीग टूर्नामेंट का उदघाटन



**सारवां/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** प्रखण्ड अंतर्गत लखोरिया पंचायत के आदर्श उच्च विद्यालय लखोरिया के मैदान में लखोरिया प्रीमियम लीग सीजन 2 का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट के बतौर मुख्य अतिथि भाग संख्या 8 के जिला परिषद् प्रत्याशी दीपक राय ने फीता काट कर खेल का उदघाटन किया। जिसका पहला मैच लखोरिया लायंस और किंग्स इलेवन लखोरिया के बीच खेला गया जिसमें लखोरिया लायंस 7 रनो से विजय रहा। कमिटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि दीपक राय का जोरदार स्वागत किया। वही दीपक राय ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि कमिटी द्वारा पिछले साल की भांति इस साल भी टर्नामेंट का आयोजन किया गया है। पंचायतों में टूर्नामेंट आयोजन से खिलाड़ियों के प्रतिभा का पता चलता है और आगे ऐसे कई अवसर दिलाने में प्रयासरत रहेंगे इसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिल सके। मौके पर कुंदन कुमार, सौरभ कुमार, राजेश राज झा, पप्पू यादव, मुन्ना राय सहित कई लोग मौजूद थे।।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** दुर्गा पूजा को लेकर गिरिडीह प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी क्रम में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और पुलिस अधीक्षक अमित रेनू एक साथ जाकर पूजा पंडालों का निरीक्षण किए। जिसके तहत सार्वजनिक दुर्गा स्थान पचंबा, सार्वजनिक दुर्गा स्थान बोड़ो, सार्वजनिक दुर्गा स्थान मोहनपुर, सार्वजनिक दुर्गा स्थान अलकापुरी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान कोरोनावायरस के विषय में जानकारी दिए साथ ही चंबा के बुढ़वा तलाब में जाकर विसर्जन स्थान का भी निरीक्षण किए। और स्थानीय समिति को दिशा निर्देश दिए कि सोशल डिस्टेंस का पालन होना अनिवार्य है साथ ही भीड़ भाड़





ज्यादा ना करें।

इधर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तथा यूनिवर्सिटी स्कूल और चेतना विकास के कार्यकर्ताओं ने पूजा पंडालों में पहुंचकर पूजा कमेटियों से बातचीत की और उन्हें कोविड-19 कोविड अनुकूल व्यवहार के विषय में विस्तार से बताएं। जिसमें प्रखंड समन्वयक विलियम जेकब क्लस्टर कोऑर्डिनेटर शैली हेम्बरम द्वारा दुर्गा स्थान पचम्बा और दुर्गा स्थान बोड़ो तथा हसन राजा अंसारी और विलियम जेकब द्वारा सार्वजनिक दुर्गा स्थान मोहनपुर, सार्वजनिक दुर्गा स्थान अलकापुरी आदि पंडालों में घूम-घूम कर लोगों को जानकारी दिया गया।

निरीक्षण निरीक्षण टीम में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक अमित रेनू, इंस्पेक्टर आरएन चौधरी, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, पचम्बा थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अनिल राम आदि मौजूद रहे।

## विश्व बालिका दिवस के पर कमला नेहरू कन्या मध्य विद्यालय, गिरिडीह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** पैन इंडिया के तहत भारत के अमृत महोत्सव को लेकर भारत का अमृत महोत्सव के उपलक्षय में विधिक जागरूकता सह सहायता कार्यक्रम के तहत विश्व बालिका दिवस के अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गिरिडीह सुश्री सत्यभामा कुमारी द्वारा नालसा (कन्या भ्रूण हत्या एवं बालिका सशक्तिकरण के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के तहत कमला नेहरू कन्या मध्य विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं एवं अन्य आम लोगों के बीच जागरूकता सह विधिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, संदीप कुमार बर्तम ने कहा की कन्या भ्रूण हत्या एक कानूनन अपराध है एवं बालिकाओं का संरक्षण करना हम सभी का परम कर्तव्य है। लड़कियां आज के जमाने में किसी से भी कमतर नहीं है। वह अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में उन्नति एवं प्रगति कर सकती हैं। यदि उन्हें उचित अवसर, अच्छी शिक्षा एवं संरक्षण मिले तो वह किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं। लड़कियों के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है, जिसमें लक्ष्मी लाडली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना इत्यादि है साथ ही सरकार के द्वारा लड़कियों के लिए निःशुल्क शिक्षा एवं प्रतियोगिता परीक्षा में उम्र सीमा एवं फिस इत्यादि में छूट प्रदान किया जाता है।

कार्यक्रम को न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गिरिडीह सुश्री सत्यभामा कुमारी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की धरोहर हैं। उन्हें उचित शिक्षा एवं संरक्षण प्रदान करना सभ्य समाज का परम दायित्व होता है। उन्होंने बालिकाओं को मन एवं लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदौलत आप जीवन में किसी भी क्षेत्र में ऊंचाई हासिल कर सकते हैं।आज दसवें दिन प्रखंड स्तरीय टीमों के द्वारा गिरिडीह न्याय मंडल के सभी 13 प्रखंडों के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों तथा गांवों में कार्यक्रम को संचालित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग इन कार्यक्रमों में उपस्थित हुए तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन टीम के सदस्यों को सौंपा, जिसे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित एवं अग्रसर कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया है। कार्यक्रम में पारा लीगल वालंटियर्स दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा, श्री गोपाल राणा, श्रीमती सीमा देवी, श्रीमती शालिनी प्रिया, श्रीमती रंजना सिन्हा, श्रीमती सुनीता साहू, अनवारुल हक, प्रदीप कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्यम फाउंडेशन एनजीओ के सचिव दिलीप कुमार ने किया।

### आंगनवाड़ी केंद्र गावां में कन्या पूजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**गावां/गिरीडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** गावां प्रखंड अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र मुस्लिम टोला गावां में सोमवार को कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दे की भारत देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्षय में सरकार के निर्देशानुसार अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाते हुए 11 अक्टूबर को गिरीडीह जिला में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने का निर्देश है जिसके तरह आंगनवाड़ी केंद्रों में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बे-टी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत पांच वर्ष से कम उम्र के बालिकाओं का कन्या पूजन किया गया।मौके पर सेविका गुलशन आरा, सुनीता देवी, ज्योति देवी, पोसबन सखी तमन्ना प्रवीण और सरिता सोनी समेत दर्जनों बालिकाएं उपस्थित थी।

### धनबाद:स्वास्थ्य कर्मियों ने किया हड़ताल, वैक्सीनेशन सेंटर पर नहीं लग रही वैक्सीन

**धनबाद/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** यदि आप वैक्सिन लेने को जाने की सोच रहे हैं और वैक्सीनेशन सेंटर जाना है तो आप पहले यह खबर पढ़ लें, क्योंकि झरिया के कुछ वैक्सीन सेंटर को छोड़कर ज्यादातर वैक्सीन सेंटर स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल पर जाने की वजह से बंद है। इस दौरान बंद वैक्सीनेशन सेंटरो पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। पिछले लगभग 5 महीने से स्वास्थ्यकर्मियों (वेरिफायर) को तनख्वा नही मिला है। जिस कारण स्वास्थ्यकर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों का कहना है कि वैक्सीनेशन सेंटर पर जाने के लिए किराया के पैसे नहीं है, घर की स्थिति भी दयनीय हो गई है। दुर्गा पूजा जैसे समय में भी तनख्वाह नहीं मिलने से कर्मी काफी चिंतित और परेशान हैं। इस दौरान झरिया के मिनी आईटीआई, आंगनबाड़ी केंद्र बनियाहीर,सामुदायिक भवन हमीद नगर, वार्ड विकास केंद्र जीतपुर आदि वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीन नहीं दी जा रही है। स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर जाने की वजह से वैक्सीनेशन नहीं हो रहा है।तनख्वाह नहीं मिलने से दर्जनभर स्वास्थ्य कर्मी (वेरीफायर) हड़ताल पर चले गए।

इस कारण वैक्सीन लेने वाले लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिन लोगों ने वैक्सीन के लिए स्लॉट बुक करवाया था, उन्हें भी स्लॉट बुक होने के बावजूद बिना वैक्सीन लिए मायूस होकर घर लौटना पड़ा। हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों में जिशान, मिराज, केतन गुप्ता, चंदन शर्मा, रोहित यादव, मोहित यादव, काजल पांडे, निधि, राज केसरी, रवि खतरी, मनीष, अजित, अमर पोद्दार आदि लोग मौजूद थे।

# झारखंड में सत्ता बदली व्यवस्था नहीं: आप

## व्यवस्था बदलाव के लिए आगे आयें युवा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।





**गिरिडीह।** आम आदमी पार्टी गिरिडीह के जिला प्रभारी विधानचंद्र राय लगातार संगठन निर्माण को लेकर प्रखंडवार बैठक कर रहे हैं। उन्होंने रविवार को बगोदर विधानसभा के सरिया और जमुआ विधानसभा के जमुआ प्रखंड में बैठक कर दर्जनों नौजवानों को पार्टी में शामिल कराया। मौके पर युवा नेता अमरेश सिंह ने कहा कि नौजवानों को राजनीति में आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार बदली लेकिन व्यवस्था में कोई खास बदलाव नहीं हुआ । झारखंड की जनता यह महसूस कर रही है । जिला संयोजक सागर चौधरी ने कहा कि गिरिडीह में बहुत जल्द संगठन निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा । केन्द्रीय पर्यवेक्षक दिनेश यादव ने कहा कि झारखंड में छात्र नौजवान मजदूर किसान सब केजरीवाल मॉडल की माँग

कर रहे हैं । श्री यादव ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में दिल्ली में जो बदलाव हुआ है उसी तरह झारखंड में भी हो ये झारखंड की जनता की माँग है। जमुआ में मेहबूब अंसारी ने कहा कि गरीब असहाय वृद्ध और विकलांगों को 2500 रू दिल्ली की तरफ झारखंड में भी मासिक पेंशन मिले यह हमारी माँग है। बगोदर विधानसभा की बैठक जैन धर्मशाला स्टेशन रोड सरिया में बगोदर विधानसभा प्रभारी संतोष चंद्रवंशी की अध्यक्षता में जबकि जमुआ विधानसभा की बैठक में जमुआ विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में धुरैता मोड़ में सम्पन्न हुई । जमुआ की बैठक में धनवार विधानसभा प्रभारी रोजन अंसारी, गाण्डेय विधानसभा प्रभारी महबूब आलम , तैयब अंसारी , दिलबर अंसारी, डॉ साबिर अंसारी, मुशर्रफ अंसारी, नईम अंसारी, समीर अंसारी, कासिम अंसारी, किशोर कुमार तुरी, चन्दन कुमार दास , नईम अंसारी, सहित कई लोग शामिल थे ।

# आंगनवाड़ी केंद्र गावां में कन्या पूजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गावां/गिरीडीह।** गावां प्रखंड अंतर्गत आंगन वाड़ी केंद्र मुस्लिम टोला गावां में सोमवार को कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दे की भारत देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्षय में सरकार के निर्देशानुसार अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाते हुए 11 अक्टूबर को गिरीडीह जिला में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने का निर्देश है जिसके तरह आंगनवाड़ी केंद्रों में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत पांच वर्ष से कम उम्र के बालिकाओं का कन्या पूजन किया गया।मौके पर सेविका गुलशन आरा, सुनीता देवी, ज्योति देवी, पोसबन सखी तमन्ना प्रवीण और सरिता सोनी समेत दर्जनों बालिकाएं उपस्थित थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती महिला से किया दुष्कर्म, आरोपित मौके से फरार



**मोहनपुर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** थाना क्षेत्र के शनिवार की रात एक युवक द्वारा गर्भवती महिला से दुष्कर्म करने का प्रकाश आया है। वही पीड़ित महिला ने मोरने गांव का मिसाइल अंसारी के विरुद्ध आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है, दिए गए आवेदन में महिला ने बताया कि बीते शनिवार की रात अपने घर में सोई हुई थी , रात करीब 11 बजे मिसाइल अंसारी मेरे घर की दीवार फांद कर प्रवेश किया और मेरे साथ दुष्कर्म किया साथ ही मेरे कपड़े भी फाड़ दिए इसका विरोध करने पर गलत नियत से हाथापाई करने लगा। घटना का अंजाम देने के बाद उसके द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसके बाद घर से भाग निकला। इसके भागने के बाद महिला ने शोर मचाए तब परिवार वालो की नीद खुली तब उनका पीछा करने का प्रयास किया गया रात मे अंधेरे होने का फायदा उठाकर आरोपी भागने में सफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता 5 माह की गर्भवती है। घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### पूजा को देखते हुए एसपी के निर्देश पर बड़ी वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद

- **की गई है वैकल्पिक व्यवस्था**

**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** पुलिस अधीक्षक धनजंय कुमार सिंह द्वारा जानकारी दी गई है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर शहरी क्षेत्र (नगर थाना, कुण्डा थाना एवं रिखिया थाना) में 1.मल्टी एक्सल व्हीकल,2.हाईवा, 3. ट्रक, 4. ट्रेलर, 5. ट्रैक्टर, 6. मालवाहक वाहन का प्रवेश दिनांक-12.10.2021 से दिनांक-16.10.2021 तक पूर्ण रूपेण समय प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 01.00 बजे तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस लिए वाहनों के लिए वैकल्पिक रूप से ब्यवस्था की गई है। जिसमें जसीडीह की ओर जाने वाले वाहन राँगा मोड़ होते हुए बाईपास से निकल जाएँगी एवं हिण्डोलावरण से गिरिडीह की ओर जाने वाले वाहन कुण्डा मोड़ से हथगढ़ होते हुए बाईपास के रास्ते निकल जाएँगी।
इसके अलावे मुख्य शहर में वाहनों का प्रवेष उपर वर्णित समय में पूर्णतः निषेध रहेगा।

### भारत रत्न लोकनायक स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि



**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे महान स्वतंत्रता सेनानी एवं सन 1942 की क्रांति के अग्रदूत तथा उच्च आदर्शों एवं मूल्यों की जीती जाती प्रतिमूर्ति थे। स्वतंत्रता सेनानी के साथ समाज सुधारक एवं राजनेता के रूप में प्रतिष्ठापित भारत रत्न लोकनायक स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण की प्रासंगिकता भारतीय राजनीति एवं स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में सदैव बनी रहेगी।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने की मांग

**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने लखीमपुर हिंसा मामले को लेकर अभी तक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा को मंत्री पद से बर्खास्त ना करना राजनैतिक नैतिकता के पतन की पराकाष्ठा तो है ही साथ ही किसानों के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के असंवेदनशील रवैये का परिचायक भी है। श्री कुमार ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा की मंत्री पद से बर्खास्त के मामले में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से अविलंब हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि लोकतंत्र और संविधान की गरिमा की सुरक्षा हो सके एवं मृत किसानों के परिवारों को न्याय मिल सके।

# लायंस क्लब दुमका का 45 वां स्थापना दिवस सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )



**दुमका।** लायंस क्लब दुमका संप का 45 वां वार्षिक उत्सव सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कोरोना गाईड लाइन का पालन करते हुए बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ द सिटी गार्डन दुमका में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 322 ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सिद्धार्थ मजूमदार ने संबोधित करते हुए कहा लायंस क्लब दुमका का पूरे डिस्ट्रिक्ट 322-ए में अपनी एक अलग पहचान सेवा कार्यों के लिए बनाया है जिसके लिए क्लब के सदस्यों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि आप सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण और वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष कार्य करें एवं लोगों के बीच जल संचयन के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूकता फैलाएं आने वाले समय में पानी एक गंभीर समस्या दिनोंदिन बनते जा रही है जिसके लिए हम सबको अभी से जागरूक होना होगा नहीं तो आने वाले पीढ़ी को पीने के लिए पानी नही मिल पायेगा। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में काम करने पर बल दिया और कहा कि ऐसे छात्र जो पैसे के अभाव में शिक्षा नहीं ले पाते हैं उन्हें क्लब आर्थिक मदद करे। इंस्टॉलिंग ऑफिसर के रूप में मौजूद डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ लायन सुभ्रा मजूमदार ने संबोधित करते हुए कहा लायंस क्लब दुमका बहुत पुराना क्लब है आज भी उसी दमखम के साथ क्लब के सदस्य सामाजिक एवं सेवा के कार्यों में लगे हैं जो काफी प्रसंसनीय हैं और आगे भी इसी तरह से सेवा भाव से लगे रहने के लिए शुभकामनाएं दी। श्रीमती मजूमदार ने सत्र 2021- 2022 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष लायन राकेश सिंघानिया, उपाध्यक्ष लायन पवन केसरी, लायन सुनीता मुखर्जी, लायन संजीव कुमार, सचिव लायन संदीप पटवारी उप-सचिव लायन मनोज कुमार घोष, कोषाध्यक्ष लायन चंदन कुमार साह उप- कोषाध्यक्ष लायन राजेंद्र प्रसाद गुप्ता जनसंपर्क- पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा, मेंबरशिप चेयरमैन लायन अमिता रक्षित, क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन अखिलेश कुमार सिन्हा, क्लब एलसीआईएफ को-ऑर्डिनेटर लायन मनोज कुमार घोष, लायन टेमर लायन सतीश कुमार, टेल-ट्विस्टर लायन मुकेश कुमार अग्रवाल, साइट-फर्स्ट चेयरमैन लायन श्वेत किरण, डायरेक्टर लायन बी. के मेहरिया,लायन मुकेश कुमार अग्रवाल, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन मनोज कुमार घोष,लायन अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन प्रदीप्तो मुखर्जी, लायन राजेश कुमार चौरसिया, लायन आनंद गुटगुटिया इन सभी को शपथ दिलाई। कैबिनेट ट्रेजरर लायन शांतनु तिवारी ने मेंबर ओरियंटेशन प्रोग्राम दीया और और बताया की पूरी दुनिया में लायंस क्लब इंटरनेशनल एक ऐसी गैर सरकारी संस्था है जो सामाजिक सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर अग्रणी भूमिका निभाता है।और आज विश्व में सबसे ऊंचे पायदान पर मौजूद हैं। क्लब के जोन चेयरपर्सन लायन नीलम झा ने संबोधित करते हुए कहा लायंस क्लब का सदस्य बनना एक बड़े ही गौरव की बात है ज्यादा से ज्यादा लोगों को क्लब से जोड़ने के लिए प्रेरित किया लायंस क्लब दुमका द्वारा किए गए कार्यों के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की। समारोह में क्लब के अध्यक्ष लायन राकेश सिंघानिया ने संबोधित करते हुए कहा लायंस क्लब दुमका ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, साफ सफाई, पर्यावरण से जुड़े कार्य एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान लगातार चलाया जाता रहा है। क्लब द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर की सेवाएं लगातार दिया जा रहा है इस वर्ष क्लब द्वारा लायंस नेत्र अस्पताल चालू कर दिया जाएगा जो हम लोगों के लिए बड़े ही गर्व की बात है।सत्र 2020-2021 के सचिव लायन मनोज कुमार घोष ने क्लब द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। क्लब द्वारा निशांत विक्रम, रसना सिंह, पिंकी साह एवं पूजा पटवारी को नया सदस्य बनाया गया। इंस्टॉलेशन चेयरमैन लायन अमिता रक्षित ने समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन क्लब के जनसंपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन लायन मुकेश कुमार अग्रवाल ने किया समारोह में मुख्य रूप से लायन दिनेश कुमार मेहरिया, लायन डॉक्टर समीम अंसारी, लायन संजीव कुमार गुप्ता, लायन नीरज कोठीवाल, लायन शालिनी अग्रवाल, लायन पूजा पटवारी, लायन रजनी सिंघानिया, लायन अमित कुमार पटवारी, अनुपा वर्मा, सोनी गुप्ता, सीमा कुमारी, विमला देवी, रूपश्री, नीता चौरसिया, रंजीता, पूजा पटवारी, नरेश कुमार पटेल, सुमन गुटगुटिया, देवघर एवं मधुपुर लायंस क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने शहीद सैनिकों को कांग्रेस भवन में दिया विनम्र श्रद्धांजलि



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** कश्मीर के पूछ सेक्तर में भारतीय सेना अतंकवादी के साथ मुठभेड़ में 5 सैनिक शहीद हो गए . जिला कांग्रेस कमेटी ने शहीद सैनिकों को कांग्रेस भवन दुमका में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया और कहा कि कश्मीर में पिछले दिन एक स्कूल में घुसकर आतंकवादियों द्वारा 2 शिक्षकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी आज शिक्षकों एवं शहीद सैनिकों को जिला कांग्रेस कमेटी कोटि-कोटि नमन करती है. और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है .आप जानते हैं कि वर्तमान केंद्र सरकार नोटबंदी कर प्रचार करने का कोशिश किया कि नोटबंदी करने का मकसद है .आतंकवादी का कमर तोड़ना परंतु देश में लगातार आतंकवादियों द्वारा सैनिकों की हत्या की जा रही है. शिक्षकों की हत्या की जा रही है. और केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है धारा 370 हटा कर आतंकवादी को समाप्त करने की जो बात कही गई थी उसका पर्दाफाश हमारे सैनिकों के शहादत के रूप में सामने आई है .आज कश्मीर अशांत है और भाजपा की सरकार केवल झूठी है और देश को गुमराह करने वाली बात कर रही है .आज केंद्रीय शासित राज्य होते हुए भी कश्मीर आशांत है जिसको देश देख रही है,यह कार्यक्रम अमर जवान ज्योति जला कर संपन्न की गई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्यामल किशोर सिंह ने किया .कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे महेश राम चंद्रवंशी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अलीमाम ,टिंकू,जिला महासचिव अरविंद कुमार , सत्यनारायण यादव ,संतोष सिंह,सहरोज सेख,मोहम्मद हसनैन,दशरथ मंडल ,अमन कुमार गुप्ता, मोहम्मद फिरदोस ,रुपेश सिंह , मोहम्मद एजाज,मिट्ठू यादव , अमरजीत ,मोहम्मद हारून आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा एवं अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला एवं बालिका के बीच नए वस्त्र का वितरण

- **कोविड-19 हीरो के रूप में पत्रकार हुए सम्मानित**





**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** धधकिया स्थित सतन आश्रम में दुर्गा पूजा एवं अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 250 जरूरतमंद महिलाओ को नया वस्त्र एवं 70 जरूरतमंद बालिकाओं को नया वस्त्र दिया गया .वंही दुमका के पत्रकार डॉ सिकंदर कुमार एवं पंकज भंडारी को कोविड-19 हीरो के रूप में शाल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मोके पर मुख्य अतिथि के रूप में दुमका सदर प्रखंड के अंचल अधिकारी यमुन रविदास, विशेष अतिथि के रूप में जिला परिषद् उपाध्यक्ष असीम मंडल एवं दुमका मुफ्फसिल थाना के प्रभारी निरीक्षक उमेश राम उपस्थित थें। मोके पर सीओ ने कहा समाज के प्रति सतन आश्रम के सेवा का सरहानीय कार्य है . इस इलाके में जिन महिलाओ को बृद्धा पेंशन तथा बिधवा पेंशन नहीं मिल रहा है . उनलोगो को पेंशन जल्द ही चालू करने के लिए दुर्गा पूजा के बाद सतन आश्रम में कैंप लगाकर पेंशन की ब्यबस्था करेंगे।
मोके पर सतन आश्रम के अध्यक्ष राम प्रसाद मुखर्जी , प्रबंध नयाशी स्वामी आत्मानंद , गिरी वनवासी कल्याण परिषद् के दुमका नगर सचिव इंजीनिइर कृष्णनंदन सिंह , कोलकाता से तापस चटर्जी ,दनु मुखर्जी , गोरा चटर्जी, सोमा मुखर्जी सहित आश्रम के कई सदस्य मौजूद थे।

## शरारती तत्व और वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दिया निर्देश

- **पूजा में संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगा अतिरिक्त बल -सुदर्शन मंडल**



**दुमका/(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )।** दुमका ही नहीं संताल परगना के सभी छह जिलों में पूजा में किसी तरह का विघ्न न हो, इसके लिए स्थलों का चयन कर लिया गया है। सभी जगहों पर अतिरिक्त बल की तैनाती की जाएगी। सभी एसपी को भी सतर्कता बरतते हुए शरारती तत्व और वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया गया है। सोमवार को संताल परगना के पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन मंडल ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस सतर्क है और सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किए गए है। प्रमंडल में कुछ संवेदनशील स्थानों का चयन किया गया है। यहां पर अतिरिक्त बल की तैनाती के साथ दंडाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। आदेश जारी कर दिया गया है। विस्तार से समीक्षा भी हो चुकी है। मुख्यालय से पर्याप्त बल मिला है। कहा कि पूजा में किसी तरह से शांति व्यवस्था में खलल नहीं आए, इसके लिए पहले से जिन लोगों पर केस दर्ज हैं या जो शरारती तत्व हैं, उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। सभी एसपी से कहा गया है कि यह भी ध्यान रखें कि कहीं कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। पूजा समितियां इसका पालन कर रही हैं या नहीं। हर हाल में गाइडलाइन का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।
डीआइजी ने कहा कि गिरफ्तारी व जागरूकता की वजह से साइबर अपराध के मामले में कमी आई है। लोग जल्द पैसा पाने की लालच में इसके शिकार बन जाते हैं। इजी मनी के चक्कर में नहीं आए। साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जामताड़ा में लगातार हो रही कार्रवाई की वजह से केस में कमी आई है। अब अपराधियों ने देवघर, गिरिडीह व धनबाद में वारदात को अंजाम देना शुरू कर दिया है। इस पर अंकुश लगाने के लिए टीम का गठन किया गया है। टीम लोगों को जागरूक कर रही है। साइबर अपराधी पर आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साइबर अपराधी को जेल भेजना कोई बड़ी बात नहीं है, अब इस तरह से अनुसंधान का निर्देश दिया गया है, जिसमें उसे अच्छी सजा हो सके।

## धनबाद एलेप्पी ट्रेन में पैंट्री कार कर्मी ने दिव्यांग युवती के साथ की छेड़खानी,चलती ट्रेन में हुआ गिरफ्तार

**धनबाद/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** धनबाद एलेप्पी ट्रेन के दिव्यांग बोगी में पैंट्री कार कर्मी द्वारा दिव्यांग युवती के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने आरपीएफ से इसकी शिकायत की।जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।आरोपी ट्रेन के पेंट्री कार का स्टाफ है। ट्रेन धनबाद से रांची जा रही थी। इसी दौरान चंद्रपुरा स्टेशन के पास घटना को अंजाम दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार धनबाद एलेप्पी ट्रेन की दिव्यांग बोगी में 3 बहनें अपने पिता के साथ सफर कर रही थीं।उस बोगी में बाप-बेटियों के अलावा एक अन्य बुजुर्ग मौजूद था। उसी दरम्यान पेंट्री कार का स्टाफ चाय लेकर बोगी में चढ़ा और घिनौनी घटना को अंजाम दिया।
पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी को आरोपी शौचालय में ले जाकर गलत काम किया। पिता की शिकायत पर आरोपी को हटिया स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया।मामले की जांच की जा रही है।
मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने दिव्यांग युवती के साथ पहले छेड़खानी की।इसके बाद दुष्कर्म करने का कोशिश किया। पिता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने पिता के साथ मारपीट की।लोगों ने ऐसा होता देख आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन चलती ट्रेन के चलते वह भाग नहीं पाया। बाद में लोगों ने उसे आरपीएफ के हवाले कर दिया। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी को आरोपी शौचालय में ले जाकर गलत काम किया। पिता की शिकायत पर आरोपी को हटिया स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है।
मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने दिव्यांग युवती के साथ पहले छेड़खानी की।इसके बाद दुष्कर्म करने की कोशिश किया।

# श्रीराम काव्यपाठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सम्मान समारोह सह काव्य गोष्ठी का आयोजन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि )





**दुमका।** राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले श्रीराम काव्यपाठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के सम्मान समारोह सह काव्य गोष्ठी का आयोजन 'कृपाश्रय' कुम्हारपाड़ा में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील खवाड़े ने की, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राट्रीय मंत्री सह प्रांतीय प्रभारी दिनेश देवघरिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी, मुख्य अतिथि संथाल परगना विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संजय सिन्हा ,प्रांतीय सलाहकार रामजीवन गुप्ता एवं रामेश्वर चक्रवर्ती, प्रांतीय मीडिया प्रभारी बीरेंद्र अग्रवाल एवं प्रांतीय मंत्री प्रकाश भारद्वाज उपस्थित थे ।कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष ,आमंत्रित अतिथि अरुण सिन्हा एवं राजीव नयन तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया , स्वागत भाषण अंजनी शरण ने किया । सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों को पौधा एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया । श्रीराम काव्य पाठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रांतीय स्तर पर चयनित विजेताओं में धनबाद से श्रेया राज(प्रथम), बोकारो से श्रुति रंजन(द्वितीय), देवघर से जतिन कुमार(तृतीय), बोकारो से अक्षिता पाठक(चतुर्थ), दुमका से उज्जवल कुमार(पंचम) ने श्रीराम की महिमा का काव्य पाठ किया ।चयनित विजेताओं को प्रांतीय अध्यक्ष सुनील खवाड़े द्वारा 5100, 3100, 2100, एवं 1500-1500 का नकद पुरस्कार, सर्टिफिकेट एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्री खवाड़े ने दुमका के सांगठनिक संयोजन का दायित्व अंजनी शरण को देते हुए शुभकामना ज्ञापित किया। रास्ट्रीय मंत्री दिनेश देवघरिया ने कहा कि प्रांतीय स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में झारखण्ड़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। रास्ट्रीय कवि संगम द्वारा आयोजित श्री राम काव्य पाठ प्रतियोगिता के ध्येय पर विस्तार से बात की। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि डॉ संजय सिन्हा, एवं विशिष्ट अतिथि डॉ लोइस मरांडी ने भी संबोधित किया। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में दुमका से दुर्गेश चौधरी ,सौरभ सिन्हा,विवेक मंडल, अनुराग कुमार ,नवीन गुप्ता ,उत्तम कुमार दे, मोती प्रसाद एवं वरिष्ठ कवि शम्भूनाथ मिस्त्री ने काव्य पाठ किया। इस दौरान नाटककार रामजीवन गुप्ता का नाटक मुंशी प्रेमचंद पंच परमेश्वर का लोकार्पण भी किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन अंजनी शरण ने किया ।कार्यक्रम के प्रमुख सूत्रधार रहे आयोजक अंजनी शरण, प्रांतीय प्रतियोगिता संयोजक रोहित अम्बष्ट, जिला महासचिव पीयूष राज के अलावा दुमका के युवा एवं वरिष्ठ कवि उपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से अरुण सिन्हा, राजीव नयन तिवारी ,अशोक सिंह, डॉ राकेश रंजन, अमरेंद्र सुमन, विद्यापति झा, नीतू झा, विश्वजीत राहा,नवीन चन्द्र ठाकुर, ऋतुराज कशयप पवन मिश्र, विद्याकान्त शुक्ला , नीतू झा ,बासुकी जी, राजू सिंह, संजीत भगत, पवन कुमार, अनुराग पाठक , शिवा आर्य, दीपक कापरी, मनोज भंडारी एवं अन्य उपस्थित थे।


## लिवर में सूजन के उपचार का नया तरीका

शोधकर्ताओं ने खून और लिवर में मौजूद ट्राइग्लिसराइडस (वसा का प्रकार) की खोज की है जो लिवर में स्वतंत्र रूप से इंसुलिन का प्रभाव पैदा करता है। इस खोज से टाइप 2 डायबिटीज (मधुमेह) के सबसे बड़े रहस्यों में से एक से पर्दा उठ गया है और लिवर में सूजन के उपचार का नया तरीका मिला है। टाइप 2 मधुमेह में लिवर द्वारा पैदा ब्लड शुगर को कम करने में इंसुलिन कामयाब नहीं होता है।



## स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद कैटरपिलर वॉक

कैटरपिलर वॉक बेहद लाभकारी व्यायाम है इसके लिए जमीन पर पुश-अप पोजीशन में आइए। दोनों हाथ जमीन पर और पैरों का वजन पंजों पर। पहले अपना दायां पैर आगे लेकर आएं, उसके बाद बायां पैर आगे लाएं। याद रहे हथेलियां जमीन पर टिक रहें। इसके बाद हथेलियों के सहारे धीरे-धीरे आगे चलें और बाद में पैरों को भी आगे ले जाएं। फिर पीछे की तरफ मुड़े और दोबारा इस प्रक्रिया को करें।



# बीमारी नहीं विकार है OCD




ओसीडी को मजबूरी या ऑब्सेशन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है क्योंकि कई लोग जब इससे ग्रसित होते हैं तो उनकी स्थिति को दूसरा व्यक्ति आसानी से समझने का प्रयास करता है।

**ओसीडी** से ग्रसित लोग, उनके जुनूनी आवेगों, विचारों और आग्रहों की अनदेखी करते रहते हैं और खुद को ही सही मानते हैं। उन्हें अंदरूनी भय होता है और वो उससे अकेले ही फाइट करने में जुटे रहते हैं। साधारण शब्दों में कहा जाएं, तो ओसीडी से ग्रसित लोग, साधारण बातों में भी बखेड़ा कर देते हैं और अपनी ही सोच को थोपने का प्रयास करते हैं।

सामान्य तौर पर, ओसीडी से ग्रसित लोग खुद को हर समय अकेला महसूस करते हैं, उन्हें लगता है कि वो असहाय हैं और किसी को भी उनकी परवाह नहीं है। ये व्यवहार उनके मन में दिन में कई बार आ सकता है या वो कुछ-कुछ समय पर इसके शिकार हो जाते हैं। ओसीडी से पीड़ित लोग, अपने मन में सबसे ज्यादा मनगंढत कहानियों को बनाते हैं, वो अलग ही पिक्चर को क्रिएट करते रहते हैं।



इस प्रकार के रोगियों के तर्क बेहद बेकार और बिना सिर पैर के होते हैं। लेकिन वे दूसरों का जीवन, अपने व्यवहार से खराब कर देते हैं। ओसीडी से बच्चे भी प्रभावित हो सकते हैं। टीनएज की लड़कियां या लड़के, अक्सर स्कूली दिनों में इससे ग्रसित हो जाते हैं। ऐसे में बच्चे के माता-पिता को खास ध्यान रखना चाहिए।

पिछले दशक में क्लीनिकल अध्ययन में यह स्पष्ट हो चुका है कि यह मानसिक विकार, दवाईयां और थेरेपी के माध्यम से सही किया जा सकता है। इसके उपचार में कुछ दवाईयों को नियमित रूप से निश्चित समय तक दिया जाता है ताकि व्यक्ति खुद को बैलेंस कर सके और अपने मूड स्वींग पर काबू पा सकें। थेरेपी से उसे सही और गलत के बारे में बताया जाता है। यह कोई शर्मनाक बीमारी नहीं है, जो कि लाइलाज हो। यह एक प्रकार का विकार है, जिसे आसानी से ठीक किया जा सकता है।



# बाला के औषधीय गुण



**सिडा** कोर्डिफोलिया और कंट्री मैलो को ही आयुर्वेद में बाला कहा जाता है। बाला का शाब्दिक अर्थ है ताकत। मतलब यह कि बाला के जरिए हम अपने शरीर को ऊर्जा और ताकत से भर सकते हैं। असल में बाला प्राचीन आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है जो हड्डियों को, मसल्स को और जोड़ों को मजबूत, ताकतवर बनाने के काम आती है। बाला का वानस्पतिक नाम ही सिडा कोर्डिफोलिया है। यह माल्वाकी परिवार से ताल्लुक रखता है। कुछ लोग बाला को सिडा रेटुसा भी कहते हैं। हिंदी में बाला को बरियारा या खिरैंती नाम से जाना जाता है। बाला के असंख्य औषधीय गुण हैं। इस लेख में इन तमाम खूबियों पर चर्चा करेंगे।

### पित्त से सुरक्षा

पित्त और वात ये दोनों ऐसी समस्या है कब किसे हो जाए, कोई नहीं कह सकता। लेकिन बाला इन दोनों ही बीमारियों के लिए उपयोगी हल है। असल में जो भी बीमारी शारीरिक खराबी के चलते होती है, बाला उन तमाम समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। पित्त और वात ऐसी ही दो बीमारियां है जो यकायक हो सकती हैं। आयुर्वेद के मुताबिक ऐसी स्थिति में बाला का उपयोग बेहतर रहता है।

### प्रज्वलनरोधी

बाला में प्रज्वलनरोधी गुण भी समाहित है। इसके अलावा बाला का बाहरी इस्तेमाल कर हम तमाम किस्म के घाव को भी भर सकते हैं। यही नहीं आंखों में सूजन या जलन होने पर भी बाला का पेस्ट लगाया जा सकता है जिससे सूजन और जलन में कमी आती है। इतना ही नहीं जिन लोगों अर्थराइटिस सम्बंधी समस्या है, उनके लिए भी बाला बेहतरीन विकल्प है और जो लोग जोड़ों के दर्द से परेशान हैं, वे भी बाला की मदद से जोड़ों के दर्द से पार पा सकते हैं। असल में बाला से बनने वाले तेल को जोड़ों में लगाया जाता है साथ ही जिस अंग विशेष में जलन हो रही है, वहां भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। दोनों ही स्थितियों में बाला कारगर है।

### नर्व्स के लिए उपयोगी

बाला से बने तेल से यदि आप रोजाना मसाज करते हैं तो यह आपके नर्व्स के लिए उपयोगी है। असल में यह तेल नर्व्स को एक्साइट यानी उत्तेजित करता है। मतलब यह कि जो लोग पैरेलाइज हैं या फिर इस तरह की समस्याओं से ग्रस्त हैं, उनके लिए यह तेल काफी कारगर है। इससे उनके शरीर में उत्तेजना आने की उम्मीद बढ़ जाती है। सवाल है ऐसे में तेल का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाए? ऐसे में जरूरी है कि मरीज की अच्छे से मसाज करें। महज तेल लगाकर शरीर न छोड़ें। इसके अलावा सर्विकल स्पोंडिलोसिस, फेशियल पैरालिसिस के मरीजों पर भी यह तेल इस्तेमाल किया जा सकता है।

### बड़ी आंत के लिए लाभकरी

सिडा कोर्डिफोलिया बड़ी आंत की गतिशीलता को नियंत्रित करता है। असल में बाला आंत पौष्टिकता और पानी को सोखता है जो कि शरीर के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इसका मतलब यह है कि यदि आपका पेट खराब है कि बाला का इस्तेमाल अवश्य करें। इससे आपके पेट को राहत मिलेगी और शरीर को आराम।

### कार्डियक टानिक



बाला बेहतरीन कार्डियक टानिक है। मतलब यह है कि इसके सेवन से हृदय सम्बंधी बीमारियां हमसे कोसो दूर रहती हैं। यही नहीं आयुर्वेद के मुताबिक यदि इसका नियमित विशेषज्ञों के कहे अनुसार इस्तेमाल किया जाए तो हैमरेज जैसी घातक बीमारी से भी बचा जा सकता है। आयुर्वेदिक आचार्यो का कहना है कि हृदय सम्बंधी बीमारी होने पर या हैमरेज जैसी घातक बीमारी के चपेट में आए मरीजों के लिए बाला के पौधे उपयोगी है। उन्हें इसके पौधों का इस्तेमाल करना चाहिए। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि किसी विशेषज्ञ की सलाह लें।

### आंतरिक समस्याओं में फायदेमंद

जिन लोगों को मुत्राशय में जलन हो, वे भी बाला का इस्तेमाल आसानी से कर सकते हैं। असल में आयुर्वेद में बाला को बहुत खास महत्व मिला हुआ है। वास्तव में बाला न सिर्फ सामान्य बीमारियों को ठीक करता है बल्कि आंतरिक समस्याओं में भी इसका योगदान अभिन्न है। मुत्राशय में जलन पानी कम पीने से या अन्य समस्याओं के कारण हो सकता है।

# स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं ऑर्थोरेक्सिया



**यह** बात सही है कि हर कोई स्वस्थ खाद्य पदार्थों के चयन पर अधिक ध्यान देकर इसका फायदा उठाना चाहता है। लेकिन स्वस्थ आहार की जरूरत से ज्यादा खोज भी कई बार बीमारी का कारण बन जाती है। जी हां, ऑर्थोरेक्सिया एक ऐसी ही अवस्था है। इस अवस्था में व्यक्ति स्वस्थ आहार की खोज में जुनूनी व्यवहार करने लगता है। ऑर्थोरेक्सिया से पीड़ित व्यक्ति में तनावग्रस्त हो जाता है, वह अक्सर एनोरेक्सिया नर्वोसा या अन्य खाने संबंधित विकार हो जाते हैं। यह समस्या महिलाओं में ज्यादा देखने को मिलती है। ऑर्थोरेक्सिया से पीड़ित व्यक्ति वजन पर ध्यान न देकर खाने पर अधिक ध्यान देता है, उसका ध्यान सही और स्वस्थ आहार की खोज और उनका सेवन करने में अधिक रहता है न कि फिटनेस में। ऐसे लोग खुद को शुद्ध और स्वस्थ होने की भावना देने वाले खाद्य पदार्थों पर स्थिर कर लेते हैं। आर्थोरेक्सिया से ग्रस्त लोगों के व्यवहार और आदतों के बारे में अधिक जानिए इस लेख में।

**ऐसे आहार से बचते हैं:** कृत्रिम रंग होता है, कीटनाशक होते हैं, फैट, चीनी या नमक हो, डेयरी उत्पाद।

**ऑर्थोरेक्सिया के प्रभाव:** ऑर्थोरेक्सिया में स्वस्थ भोजन के प्रति जुनून के बढ़ने पर व्यक्ति समाज और परिवार से दूरी बनाने लगता है। इस समस्या के होने पर ऑर्थोरेक्सिया ईटिंग डिसऑर्डर जैसे एनोरेक्सिया के करीब ले जाता है। ऐसे लोग खुद को दूसरों से बेहतर समझने लगते हैं। ऐसा करना परिवार और दोस्तों के साथ संबंधों पर दबाव डालता है और रिश्ते आहार पैटर्न की तुलना में कम महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इस समस्या से लोगों को भरपूर मात्रा में कैलोरी नहीं मिलती है जिसके कारण वे कुपोषण के साथ दिल के मरीज भी हो सकते हैं, इसलिए खुद से अपना डायट चार्ट बनाने की बजाय चिकित्सक की सलाह से बने डायट चार्ट का पालन करें।

### ऑर्थोरेक्सिया के लक्षण

- अस्थमा, पाचन समस्याओं, मूड में कमी, चिंता और एलर्जी जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं।
- चिकित्सक की सलाह के बिना, खाद्य एलर्जी से बचने के लिए खाद्य-पदार्थों से बचाव के तरीकों को खोजना।
- हर्बल उपचार या प्रोबायोटिक्स/माइक्रोबायोटिक्स जैसे उत्पाद के इस्तेमाल में वृद्धि करना।
- ऑर्थोरेक्सिया से पीड़ित लोग 10 खाद्य पदार्थों से अधिक का उपभोग नहीं कर सकते।
- भोजन तैयार करने की तकनीक के अलावा अधिक तर्कहीन चिंता, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों को धोना या बर्तन को स्टेरलाइज करना।
- स्वस्थ आहार के दिशा निर्देशों से हटने पर अपराध की भावना महसूस करना।
- खाने को लेकर अधिक देर तक सोचना।
- नियमित रूप से अगले दिन के भोजन की योजना बनना।
- स्वस्थ आहार खाने के बाद संतुष्टि, सम्मान या आध्यात्मिक पूर्ति जैसी भावनाओं को महसूस करना।
- स्वस्थ आहार का पालन न करने वालों के प्रति अपेक्षा की भावना रखना।
- घर से दूर होने पर स्वस्थ आहार योजना पालन न रख पाने का डर।
- खाने के बारे इसी तरह के विचार ना रखने वाले दोस्तों या परिवार के सदस्यों से दूरी।
- बाहर के खाने और दूसरों द्वारा पकाए गए खाने से दूरी।
- अवसाद, मिजाज या चिंता का बिगड़ना।

### गुलाबी मौसम में रंगों के नए ट्रेंडस से बदलिए अपनी स्टाइल

# ब्लैक एंड व्हाइट कलर सर्दियों में रखेगा यंग

ठंड का मौसम सेहत के साथ कपड़ों की नई-नई स्टाइल के लिए भी बेहतरीन माना जाता है। इस गुलाबी मौसम में रंगों का भी अपना महत्व है। सर्दियों में सबसे ज्यादा ब्लैक एंड व्हाइट कलर बॉडी को हॉट, यंग और स्टाइलिश लुक देता है।



रंग हमारे तनावग्रस्त जीवन में राहत पहुंचाते हैं और हमें खुश रखते हैं। विंटर्स में बोल्ड, वाइब्रेंट और ब्राइट कलर्स के आउटफिट्स वार्म लुक देते हैं, लेकिन ब्लैक एंड व्हाइट कलर कॉम्बीनेशन इस हॉट सीज़न में आपका चार्म बढ़ा देगा। यंग दिखने का यह सबसे आसान तरीका है। इस कॉम्बीनेशन से चेहरे पर ग्लो बढ़ जाता है और यह फेमिनिटी और सेंसुएलिटी को भी उभारता है।

अगर आप फ्लावर पैटर्न कॉस्च्यूम्स और कलर-ब्लॉक के ट्रेंड से बोर हो चुके हैं तो ब्लैक-व्हाइट स्टाइल ट्राई करें, यह आपको खूबसूरत अहसास देगा। यह कॉम्बीनेशन आपको रेगुलर ड्रेस से अलग लुक देगा। ब्लैक एंड व्हाइट को पॉप ऑफ कलर भी कहते हैं। यह कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता। वूमेन ऑफिसर्स में तो यह ब्लैक एंड व्हाइट सबसे ज्यादा फैमिलियर है, लेकिन इस कॉम्बीनेशन के क्रिएटव डिज़ाइंस की बदौलत अब यंग गर्ल्स भी इसे सबसे ज्यादा चूज़ कर रहे हैं। आप ड्रेसिंग से लेकर एसेसरीज, शूज, ज्वेलरी आदि भी ब्लैक एंड व्हाइट में ट्राई कर सकती हैं। फिर चाहे ब्लैक एंड



व्हाइट स्ट्राइप्स हों, चेक्स या प्रिंट। ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटिड टॉप फार्मल और कैजुअल, दोनों लुक के लिए परफेक्ट है। एक कॉमन कलर कॉम्बीनेशन में होने की वजह से इसके किसी भी सॉलिड कलर के लोअर के साथ पहना जा सकता है। जींस हो या ट्राउज़र या कोई पैंट्स..ये टॉप किसी के भी साथ अच्छा लगेगा। इसके साथ कुछ गोल्ड या सिल्वर एसेसरीज एड करके डे टाइम हाई टी लुक को नाईट आउट लुक में बदल सकती हैं।

# मेडिकल लैब टेक्नीशियन में बेहतरीन कॅरियर

*मेडिकल लैब टेक्नीशियन, डॉक्टरों के निर्देश पर काम करते हैं। उपकरणों के रख-रखाव और कई तरह के काम इनके जिम्मे होता है। लैबोरेटरी में नमूनों की जांच और विश्लेषण में काम आने वाला घोल भी लैब टेक्नीशियन ही बनाते हैं। इन्हें मेडिकल साइंस के साथ-साथ लैब सुरक्षा नियमों और जरूरतों के बारे में पूरा ज्ञान होता है। लैब टेक्नीशियन के रूप में आप अपने कॅरियर का चुनाव कर सकते हैं। इसकी विदेशों में भी काफी मांग है।*

### नेचर ऑफ वर्क

नमूनों के परिणामों का विश्लेषण पैथोलॉजिस्ट या लैब टेक्नोलॉजिस्ट ही कर सकता है। जांच के दौरान एमएलटी कुछ सैम्पलों को आगे की जांच या फिर जरूरत के अनुसार उन्हें सुरक्षित भी रख लेता है। एमएलटी का काम बहुत ही जिम्मेदारी और चुनौती भरा होता है। इसमें धैर्य और निपुणता की बड़ी आवश्यकता होती है। जमा किए गए डाटा की सुरक्षा और गोपनीयता की भी जिम्मेदारी उसकी होती है। मेडीकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट में सर्टिफिकेट डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर्स के दौरान बेसिक फिजियोलॉजी, बेसिक बायोकैमिस्ट्री एंड ब्लड बैंकिंग, एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, एनवायरनमेंट एंड बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी एवं अस्पताल प्रशिक्षण दिया जाता है।

### अपॉर्चुनिटीज

सामान्य तौर पर एक एमएलटी का वेतन 10 हजार से शुरू होता है जबकि पैथोलॉजिस्ट को 30 हजार रुपए से 40 हजार रुपए तक सैलरी मिल जाती है। साथ ही योग्यता और तजुर्बे के आधार पर उनके वेतन में इजाफा होता चला जाता है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी इनकी खासी मांग है। आप किसी भी मेडिकल लैबोरेटरी में काम कर सकते हैं। ब्लड बैंक में इनकी खासी मांग रहती है।

### स्टडी सेंटर्स...

- डेल्ही पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- शिवालिक इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़
- पैरामेडिकल कॉलेज, दुर्गापुर, बंगाल
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ
- डिपार्टमेंट ऑफ पैथालॉजी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी

## रेसिपी

### चॉकलेट इडली केक



**सामग्री**

एक चौथाई कप मैदा, एक चौथाई कप सूजी, 2 टेबल स्पून कोको पाउडर, आधा कप दही, 4 चम्मच चीनी, एक चौथाई कप दूध, एक चौथाई टी स्पून बेकिंग सोडा, 1 टी स्पून वनीला एसेंस, 2 चम्म्च रिफाइंड तेल। **सजाने के लिए:** चॉकलेट सॉस, कैडबरी जेम्स

**विधि**

एक बाउल में दही, चीनी डालकर अच्छी तरह फेंट लें। अब इसमें तेल और वनीला एसेंस भी डाल दें। सूजी और कोको पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें और 5 मिनट के लिए रख दें। अब इसमें पानी मिलाकर गाढ़ा घोल बना लें। बेकिंग सोडा भी डाल दें। मैदा डालकर हल्के हाथ से मिलाएं। एक इडली स्टैंड में तेल लगा कर चम्मच से सांचों में घोल भर दें। इडली की तरह 5-7 मिनट भाप में पकाएं। सर्विंग प्लेट में निकालकर चॉकलेट सॉस और जेम्स से सजाकर सर्व करें।

### ग्रीन पीस् आम्बटी



**सामग्री**

3 1/4 कप उबाले और आधे कुचले हुए हरे मटर, 2 स्पून तेल, 1/2 कप कटा हुआ प्याज, 2 स्पून कसा हुआ नारीयल, 1 स्पून खड़ा धनिया, 50mm.(2) दालचीनी का टुकड़ा, 1 स्पून ज़ीरा, 3 लौंग, 3 कालीमिर्च, 6 कश्मीरी लाल मिर्च, 6 लहसुन की कलियां, 2 कप कटे हुए टमाटर, नमक स्वादअनुसार, **सजाने के लिए:** 2 स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

**विधि**

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन मे 1 टेबल-स्पून तेल गरम करें, प्याज़, नारियल, खड़ा धनिया, दालचीनी, ज़ीरा, लौंग, कालीमिर्च और सूखी कश्मीरी लाल मिर्च डालकर मध्यम आंच पर कम से कम 3-4 मिनट भूनें। आंच से हठाकर हल्का ठंडा कर लें। ठंडा करने के बाद, मिक्सर मे पीसकर थोड़े पानी के साथ मुलायम पेस्ट बना लें। एक तरफ रख दें। टमाटर को मिक्सर मे पीसकर मुलायम पल्प बनाकर एक तरफ रख दें। एक गहरी कढ़ाई मे बचा हुआ 1 टेबल-स्पून तेल गरम करें, तैयार किया हुआ पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर 2 मिनट भूनें। हरे मटर, टमाटर का पल्प, नमक और 1 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिलाएं और मध्यम आंच पर लगातार हिलाते हुए 4-5 मिनट तक पकाएं। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title Ref no-1370296, RNI Print Code No -2019096529